# अभ्यास परीक्षा : 2019–20

**GMT-I/250**

विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे | कक्षा : 10 | पूर्णांक : 80

सामान्य निर्देश :–

1. इस प्रश्न–पत्र में चार खण्ड हैं– क, ख, ग और घ।
2. चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड–क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

संस्कृति तब तक गूंगी रहती है, जब तक राष्ट्र की अपनी वाणी नहीं होती। राजनीतिक पराधीनता की हमारी हथकड़ी और बेड़ी जरूर कटी है, किन्तु अंग्रेजी और अंग्रेजियत के रूप में हमारे मनोजगत में जो वासता के चिह्न विद्यमान है, जिन्होंने हमें निष्क्रिय बना रखा है। ध्यान देने योग्य है कि भाषा परिधान मात्र नहीं वरन राष्ट्र का व्यक्तित्व है। हमारे बहुभाषाभाषी देश के ही समान रूस भी बहुत सी भाषाओं वाला देश हैं, जहां 66 भाषाएं बोली और लिखी जाती है, किन्तु उनकी राष्ट्रभाषा रूसी है। हमारी संस्कृति के गोमुख से निकली हुई सब भारतीय भाषाएं हमारी अपनी हैं, किन्तु उनमें अपनी व्यापकता, आरंभ से ही जन–विद्रोह और जन–संघर्ष को वाणी देते रहने के कारण हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। केवल संविधान में लिख देने मात्र से यह बात पूरी नहीं हो पाती, इसे राष्ट्र के जीवन में प्रतिष्ठित करना होगा अन्यथा इस स्वतंत्रता का क्या मूल्य है ? विश्व चेतना जगाने से पहले अपने देश में पहले राष्ट्रभाषा की चेतना जगाएं।

(क) हिन्दी को ~~राष्ट्रभाषा क्यों स्वीकार किया गया~~ ? 2

(ख) संस्कृति कब तक गूंगी रहती है ? 2

(ग) भाषा क्या है ? 1

(घ) रूस में कितनी भाषाएं बोली जाती है तथा वहाँ की राष्ट्रभाषा कौन–सी है ? 2

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

क्या कुटिल व्यंग्य ! दीनता वेदना से अधीर,
आशा से जिनका नाम रात–दिन जपती है,



Scanned by CamScanner

दिल्ली के वे देवता रोज कहते जाते,
कुछ और धरो धीरज, किस्मत अब छपती है।
किस्मतें रोज छप रही, मगर जलधार कहाँ ?
प्यासी हरियाली सूख रही है खेतों में,
निर्धन का धन पी रहे लोभ के प्रेत छिपे,
पानी विलीन होता जाता है रेतों में।
हिल रहा देश कुत्सा के जिन आघातों से
वे नाद तुम्हें ही नहीं सुनने पढ़ते हैं ?
निर्माणों के प्रहरियों ! तुम्हें ही चोरों के
काले चेहरे क्या नहीं दिखाई पड़ते हैं ?
तो होश करो, दिल्ली के देंगे, देवों,
होश करो, सब दिन तो यह मोहिनी न चलने वाले हैं,
होती जाती है गर्म दिशाओं की सांसे,
मिट्टी फिर कोई आग उगलने वाली हैं।

(क) गरीबों के प्रति कुटिल व्यंग्य क्या है ?

(ख) पानी विलीन होता जाता है रेतों में कथन का क्या आशय है?

(ग) निर्माण के प्रहरी किसकी अनदेखी करते हैं ?

(घ) दिल्ली के वे देवता – कौन हैं ?

(ङ) कौन–सी पंक्ति परिवर्तन की चेतावनी दे रही है ?

अथवा

क्या पूजन क्या अर्चन रे !

उस असीम का सुंदर मंदिर मेरा लघुतम जीवन रे।



Scanned by CamScanner

मेरी श्वासें करती रहतीं नित प्रिय का अभिनन्दन रे।
पदराज को धोने उमड़े आते लोचन में जलकण रे।
अक्षत पुलकित रोम, मधुर मेरी पीड़ा का चन्दन रे।
स्नेह भरा जलता है झिलमिल मेरा यह दीपक–मन रे।
मेरे दृग के तारक में नव उत्पल का उन्मीलन रे।
धूप बने उड़ते जाते है प्रतिपल मेरे स्पंदन रे।
प्रिय–प्रिय जपते अधर, तल देता पलकों नर्तन रे।

(क) अपने प्रिय के पूजन–अर्जन के लिए कवयित्री ने किसे मंदिर माना है? 2

(ख) पदराज को धोने के लिए कवयित्री किस जल का उपयोग करती है ? 2

(ग) 'मेरी श्वासें करती रहती नित प्रिय का अभिनन्दन रे। 1
पंक्ति में कवयित्री किसका अभिनन्दन कर रही है।

(घ) कवयित्री के दीपक रूपी में मन में क्या भरा है। 1

(ङ) 'दीपक–मन में' प्रयुक्त अंलकार का नाम लिखिए। 1

## खण्ड–ख

3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन का निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – 1x3 = 3

(क) रमेश भूख के कारण खिचड़ी ही खा रहा था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) मुझे मालुम है कि लोग मुझे पंसद नहीं करते। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

(ग) भारत के सामने जो मुख्य समस्या है वह बढ़ती जनसंख्या है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(घ) जो गरजते हैं, वो बरसते नहीं। (वाक्य का भेद लिखिए)

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – 1x4 = 4

(क) तुलसीदास द्वारा 'रामचरितमानस' की रचना की गई। (कर्तृवाच्य में)

(ख) चलो, ठंडे पानी से नहाया जाए। (वाच्य भेद बताइए)



Scanned by CamScanner

(ग) राम पुस्तक देख रहा है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) अब राष्ट्रपति नहीं आएंगे। (भाववाच्य में)

(ङ) हम इतना भार नहीं सह सकते। (कर्मवाच्य में)

5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए – 1x4 = 4

(क) भूषण वीर रस के कवि थे।

(ख) वह व्यक्ति कठोर परिश्रम कर रहा है।

(ग) वाह! कितना सुंदर उपवन है।

(घ) राम और श्याम दौड़ रहे हैं।

(ङ) पौधों पर सुंदर फूल खिले हैं।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1x4 = 4

(क) करूण रस का उदाहरण लिखिए।

(ख) विस्मय किस रस का स्थायी भाव है।

(ग) किस रस को 'रसराज' भी कहा जाता है।

(घ) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए।

अन्न पराया पाई के, खाओ पेट अघाइ।

देह मिले फिरि–फिरि यहां, अन्न परायो नाहि ।।

(ङ) उत्साह किस रस का स्थायी भाव है।

## खण्ड–ग

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतरवाने रियाज के लिए जाना पड़ता है। मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर तक जाने का। यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते से अमारूद्दीन को जाना अच्छा लगता है। इस रास्ते में न जाने कितने तरह के बोल बनाव कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं। रसूलन और बतूलन जब गाती है तब अमीरूद्दीन को खुशी मिलती है। अपने ढ़ेरों साक्षत्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के



Scanned by CamScanner

आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका वहनों को सुनकर मिली है।

(क) बिस्मिल्ला खाँ कौन थे ? वालाजी मंदिर से उनका क्या संबध है ? 2

(ख) रसूलनवाई और वतूलनवाई के यहाँ से होकर वालाजी के मंदिर जाना बिस्मिल्ला खाँ को क्यों अच्छा लगता था ? 2

(ग) रियाज से क्या तात्पर्य है ? 1

8. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। 2x4 = 8

(क) कैप्टन कौन था ? उसे कौन–सी बात आहत करती थी ?

(ख) सुषिर वाधों से क्या अभिप्राय है ? शहनाई को सुषिर वाद्यों में शाह की उपाधि क्यों दी गई होगी।

(ग) नवाब साहब ने खीरा खाने को पूरी तैयारी की और उसके बाद उसे विना खाए फेंक दिया। इस नवावी व्यवहार पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) आपकी दृष्टि में भगत की कबीर पर अगाध श्रद्धा के क्या कारण रहे होगे ?

(ङ) इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों सबोंधित किया है ?

9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हमारे हरि हारिल की लकड़ी

मन क्रम बचन नंद–नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।

जागत सोवत स्वप्न दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जकरी।

सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी।

सु तौ व्याधि हमकौं ले आए, देखी सुनी न करी।

यह तौ 'सूर' तिनाहि ले सौपौं, जिनके मन चकरी।

(क) गोपियों ने श्रीकृष्ण को किसके समान बताया है और क्यों ? 2

(ख) गोपियों ने योग को किसके समान बताया है ? 2

(ग) गोपियों ने योग की शिक्षा किसे देने की बात कही है ? 2 1



Scanned by CamScanner

10. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए – 2x4 = 8

(क) 'उत्साह' कविता में कवि बादल से क्या अनुरोध करता है ?

(ख) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए हैं ?

(ग) 'छाया मत छूना' पाठ के आधार पर बताइए कि कवि ने इसे छूने को क्यों मना किया है ?

(घ) कवि के अनुसार फसल क्या है ?

(ङ) माँ को अपनी बेटी अंतिम पूंजी क्यों लग रही थी ?

11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए – 4

सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन–किन लोगों का योगदान होता है ?

अथवा

जार्ज पंचम की नाम को लेकर सरकारी तंत्र में जो बदहवासी है वह किस मानसिकता को दर्शाती है ?

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों निबन्ध लिखिए। 10

(क) कमरतोड़ महँगाई

1. महँगाई के कारण
2. समाज पर प्रभाव
3. व्यावहारिक समाधान

(ख) बीता समय फिर लौटता नहीं

1. समय का महत्व
2. समय नियोजन
3. समय गँवाने की हानियाँ

(ग) मानव जीवन में खेलों का महत्त्व

1. जीवन में खेलों की आवश्यकता



Scanned by CamScanner

2. खेल स्वास्थ्य का पर्याय

3. उपसंहार

13. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध की रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

अथवा

पुस्तकालय मे हिन्दी पुस्तकें और पत्रिकाएं मँगवाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

14. खिलौने की दुकान के लिए 25–50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए। 5

अथवा

किसी जूस कॉर्नर के लिए 25–50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।



Scanned by CamScanner